दिन–मंगलवार दिनांक– 07 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश की सभी पंचायतों में आज सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड की हरिपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और इसके समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर आयोजित जनसंवाद को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि घुसपैठ और आतंकवाद के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार बिहार को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

————————————————————

प्रदेश में अब राज्य सरकार के स्वामित्व वाले राजमार्ग, बड़े पुलों और बाईपास पर भी टोल टैक्स देना होगा। परिवहन विभाग ने पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली दो हजार छब्बीस लागू कर दी है। नई व्यवस्था के तहत दो लेन से अधिक लेकिन चार लेन से कम चौड़ाई वाले स्टेट हाईवे पर एन.एच. की निर्धारित दर का साठ प्रतिशत टोल लिया जाएगा। वहीं, राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा निर्मित दो सौ पचास मीटर लम्बाई वाले पुलों पर भी टोल टैक्स वसूला जाएगा। टोल की वसूली केवल फास्टैग या अन्य इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली के माध्यम से होगी। अधिसूचना के अनुसार स्थानीय निवासियों, दो पहिया वाहनों, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहनों तथा अन्य अधिसूचित श्रेणियों को नियमानुसार छूट का प्रावधान होगा।

————————————————————

विधानसभा के मॉनसून सत्र से पहले ग्यारह और बारह जुलाई को गयाजी में विधायकों का दो दिवसीय प्रबोधन होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। प्रबोधन कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में लोकसभा की संस्था प्राईड के प्रशिक्षक विधानसभा सदस्यों को विधायी कार्यों के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देंगे।

———————————————————————————

एनडीए की एक महत्वपूर्ण बैठक पटना में दस जुलाई को होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि बैठक में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की रणनीति के साथ—साथ अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष में प्रवेश के लिए सात दशमलव पांच सीजीपीए की बाध्यता खत्म कर दी गयी है। लोक भवन के अनुसार संबंधित पाठ्यक्रम के अध्यादेश में संशोधन कर यह शर्त खत्म की गयी है। संशोधन के बाद अब छह सेमेस्टर पूरा करने वाले सभी विद्यार्थियों को सातवें सेमेस्टर यानी चौथे वर्ष में प्रवेश मिलेगा। किसी भी विद्यार्थी को केवल कम सीजीपीए के कारण चौथे वर्ष में जाने से नहीं रोका जायेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में मुख्यमंत्री हेली—टूरिज्म और एयर टूरिज्म योजना के नाम पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पर्यटन विभाग ने कहा है कि हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा के लिए ऑनलाईन बुकिंग का लिंक अभी तक लाईव नहीं हुआ है। इस संबंध में पन्द्रह जुलाई से बिहार पर्यटन और बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। विभाग ने लोगों से थर्ड पार्टी वेबसाईट या एजेंट के माध्यम से बुकिंग या भुगतान नहीं करने की अपील की है।

———————————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधवारा में सबसे अधिक सत्तावन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज अररिया, भभुआ, किशनगंज और पश्चिम चंपारण जिले में कुछस्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, अरवल, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, कटिहार, मधेपुरा, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा और सुपौल जिले में तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित चौदहवीं जूनियर सब–जूनियर पेनचक सिलाट चैंपियनशिप में बेगूसराय की सुप्रिया राज ने स्वर्ण पदक और साक्षी राज ने कांस्य पदक जीता है। सुप्रिया राज का चयन कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भी हुआ है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाला सिंहमा के पास पुलिस और डीआईयू की टीम ने एक चार पहिया वाहन से नौ सौ सत्ताईस ग्राम स्मैक के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।